**श्री संतोष उराँव, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की अध्यक्षता में दिनांक–13.12.2022 (मंगलवार) को समिति कार्यालय रांची में सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की 60वीं बैठक की कार्यवाही :–**

1. **उपस्थिति** :– बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए :–

| क्र० | नाम | कार्यकारिणी समिति में धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष उराँव, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सभापति | उपस्थित |
| 2. | श्री शैलेश कुमार, भा.प्र.से., पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | अनुपस्थित |
| 3. | श्री कौशल किशोर झा, सरकार के उप–सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | उपस्थित |
| 4. | श्री सच्चिदानन्द डी. तिग्गा, उप–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | उपस्थित |
| 5. | डॉ. कामिनी कुमार, (राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्), प्रति कुलपति, कोलहान विश्वविद्यालय, चाईबासा। | सदस्य | उपस्थित |
| 6. | डॉ. उपेन्द्र प्रसाद, सेवा–निवृत्त, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | उपस्थित |
| 7. | डॉ. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य–सचिव | उपस्थित |
| 8. | श्री आशीष आलोक, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य, सामान्य निकाय (विशेष आमंत्रित) | उपस्थित |

**02. कार्यसूची की मद संख्या-01** : विगत 59वीं बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई।

**03. कार्यसूची की मद संख्या-02** : विगत दिनांक-06.03.2020 को सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 59वीं बैठक में लिए गये निर्णयों के कृत्त अनुपालन प्रतिवेदन को प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा सदस्यों के अवगतार्थ उपस्थापित किया गया; तद्नुसार, कुछेक बिन्दुओं के संदर्भ में कतिपय निर्देशों के साथ समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन की संपुष्टि की गई।

(i) अनुपालन प्रतिवेदन क्रमांक 2(v) : बाल निकेतन के लेखा-पुस्तकों के अंकेक्षण के संदर्भ में प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को निर्देश हुआ कि चूँकि विगत लगभग दो वर्ष बित जाने के बाद भी अबतक संदर्भित विषयक कृत-कार्रवाई प्रतिक्षित है, इससे प्रतित होता है कि बाल निकेतन के सचिव, श्री रवि रंजन का इस विषय पर कोई सहयोगात्मक रवैया नही है, अतएव प्राचार्य को निदेश हुआ कि यथाशीघ्र एक पत्र श्री रवि रंजन को निर्गत कर देगें, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि चूँकि आपकी नियुक्ति नेतरहाट आवासीय विद्यालय में शिक्षक के पद पर हुई है, अतएव आप अपना पूरा समय विद्यालय को समर्पित करना सुनिशचित करे इस निमित आपको तत्काल प्रभाव से बाल निकेतन से विमुक्त किया जाता है।

**04. कार्यसूची की मद संख्या-03** : प्राचार्य-सह-सदस्य सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों के संदर्भ में रोस्टर पंजी का क्लीयरेन्स दिनांक-18.11.2020 को सरकार के स्तर से स्वीकृत होते हुए विद्यालय को प्राप्त हुआ; तदुपरान्त दिनांक-06.10.2021 को मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में निर्देश था कि रिक्त पदों पर यथाशीघ्र विज्ञापन का प्रकाशन कराया जाय। प्राप्त निर्देश के आलोक में विज्ञापन संख्या-01/2021 समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। चूँकि नेतरहाट विद्यालय की नियुक्ति, सेवा-शर्त तथा अनुशासन नियमावली- 2011 के नियम 05(c) के अनुसार सर्वप्रथम प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी किया जाना आवश्यक है; अतएव नियमानुसार निम्न रूप में स्क्रीनिंग समिति के गठन किये जाने का निर्णय लिया गया -



Santosh 17/12/2022

Kamini Kumar

(क) अध्यक्ष : श्री अंशुमान चटर्जी, वरीय सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।

(ख) सदस्य : डॉ. प्रसाद पासवान, सह–शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।

(ग) सदस्य : डॉ. अभिषेक मिश्रा, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि स्क्रींनीग समिति सभी आवेदनों का विधिवत स्क्रूटनी कर रिर्पोट, एक माह के अन्दर, प्राचार्य सह–सदस्य सचिव, के माध्यम से सभापति को उपलब्ध करायेगी, तदुपरान्त कार्यकारिणी समिति की अगामी बैठक में एतद्–विषयक यथोचित निर्णय लिया जायेगा।

**05. कार्यसूची की मद संख्या–04 :** प्राचार्य सह–सदस्य सचिव द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि विद्यालय में तृतीय वर्गीय कर्मियों के रिक्त पदों के संदर्भ में विभागीय स्तर से रोस्टर पंजी का क्लीयरेंस सम्पन्न हो चुका है। अतएव रोस्टर पंजी के अनुरूप एवं विगत के वर्षो में सेवा–निवृत्त हुए कर्मियों को समाहित करते हुए अद्यतन सूची के आधार पर विज्ञापन प्रकाशन करने की अनुमति प्रदान की जाय। सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चूँकि प्रयोगशाला सहायक (रसायन विभाग, जीव विज्ञान विभाग एवं भौतिकी विभाग) का कार्य लगभग एक ही प्रकृति का है एवं तीनो का वेतनमान भी एक ही अर्थात् PB-II 9300 - 34800, ग्रेड पे – 4200 हैं, अतएव तीनों संकायो के सहायक को एक वर्ग मानते हुए इन पर अलग–अलग आरक्षण व्यवस्था करने की वजाय एक ही संवर्ग में रखते हुए आरक्षण का लाभ दिया जाय। इस पर बैठक में उपस्थित उप–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा एवं वित्त विभाग के उप–सचिव का सुझाव हुआ कि चूँकि पूर्व में विभागीय स्तर से रोस्टर पंजी का सत्यापन हो चूका है, अतएव इस कार्य हेतु पुनः संचिका के माध्यम से इस पर मंतव्य प्राप्त कर ही यथोचित कार्रवाई की जाय, सम्यक् विचारोपरान्त उक्त सुझाव को अंगीकृत करते हुए विभागीय मंतव्य/विधिक्षा की प्रत्याशा में शेष प्रस्तावित पदो पर विज्ञाप्ति प्रकाशित किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि PB-II के एक पद पर CBSE के अनुरुप



Kamini Kumar   Santosh 17/12/2022

Physical Education की अर्हता विज्ञापन में समाहित किया जाय, ताकि Physical Education की भी पढ़ाई विद्यालय में हो सके।

**06. कार्यसूची की मद संख्या–05** : विभागीय पत्रांक–13/ई.(07)–05/2021–2910, दिनांक–17.11.2022 के अनुपालनार्थ दिनांक–23.11.2022 को प्राचार्य सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए प्रशासी विभाग को समर्पित योजना एवं गैर योजना मद के बजटीय प्राक्कलन की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

**07. कार्यसूची की मद संख्या–06** : वित्तीय वर्ष 2019–20 के व्ययोपरांत वेतन एवं गैर वेतन मद की अवशेष क्रमशः रू. 89,36,586.00 (नवासी लाख छतीस हजार पाँच सौ छियासी) एवं रू. 43,08,203.00 (तैंतालीस लाख आठ हजार दो सौ तीन रूपया मात्र) को वित्तीय वर्ष– 2020–21 में किये गए व्ययों की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**08. कार्यसूची की मद संख्या–07** : वित्तीय वर्ष– 2020–21 के लिए नेतरहाट आवासीय विद्यालय को गैर योजनान्तर्गत सहायता अनुदान सामान्य (वेतन एवं गैर वेतन) तथा योजना मद के अधीन निम्नांकित राशि प्राप्त हुई –

| क्रम सं. | मद का नाम | विभागीय पत्रांक एवं दिनांक | राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | गैर योजना सहायता अनुदान (वेतन) | 12/यो. 01–28/2013/21 दिनांक–25.06.2022, पत्रांक–35, दिनांक–14.08. 2020, पत्रांक–105 दिनांक–12.03.2021 | रू. 5,28,93,100.00 |
| 02. | गैर योजना सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) | पत्रांक–12/यो. 01–28/2013/44 दिनांक–07.10.2020, पत्रांक–59 दिनांक–04.12. 2020, पत्रांक–65 दिनांक–08.12.2020 | रू. 4,00,00,000.00 |
| 03. | योजना मद | पत्रांक–06/यो. 02/2006–132 दिनांक–28.03.2021 एवं पत्रांक–133 दिनांक–26. 03.2021 | रू.10,00,00,000.00 |



Kamini Kumar Santosh 17/12/2022

उपरांकित प्राप्त राशि के संदर्भ में प्राचार्य सह-सदस्य सचिव के माध्यम से आंतरिक विभाजन करते हुए किये गए व्ययों की कार्योत्तर संपुष्टि प्रदान की गई।

**09. कार्यसूची की मद संख्या-08 :** वित्तीय वर्ष- 2021-22 के लिए नेतरहाट आवासीय विद्यालय को गैर-योजनान्तर्गत सहायता अनुदान सामान्य (वेतन एवं गैर वेतन) तथा योजना मद के अधीन निम्नांकित राशि प्राप्त हुई :-

| क्रम सं. | मद का नाम | विभागीय पत्रांक एवं दिनांक | राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 01. | गैर योजना सहायता अनुदान सामान्य (वेतन) | पत्रांक-12/यो. 01-28/2013/2018, दिनांक-31.05.2021 एवं पत्रांक-111 दिनांक-25.02.2020, | रू. 5,72,21,000.00 |
| 02. | गैर योजना सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) | पत्रांक-12/यो. 01-28/2013/34 दिनांक-23.08.2021 एवं पत्रांक-111 दिनांक-25.02.2022 | रू. 3,49,54,120.00 |
| 03. | योजना मद | पत्रांक-13/नं06-01/22/118 दिनांक-13.03.2022 | रू. 5,00,00,000.00 |

उपरांकित प्राप्त राशि के संदर्भ में प्राचार्य सह-सदस्य सचिव के माध्यम से आंतरिक विभाजन करते हुए किये गये व्ययों की कार्योत्तर संपुष्टि प्रदान की गई।

**10. कार्यसूची की मद संख्या-09 :** वर्तमान वित्तीय वर्ष- 2022-23 के लिए नेतरहाट आवासीय विद्यालय को गैर योजनान्तर्गत सहायता अनुदान सामान्य (वेतन एवं गैर वेतन) तथा योजना के अधीन निम्नांकित राशि प्राप्त हुईः-

| क्रम सं. | मद का नाम | विभागीय पत्रांक एवं दिनांक | राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 01. | गैर योजना सहायता अनुदान (वेतन मद) | पत्रांक-12/यो.28/2013-17, दिनांक-25.05.2022 एवं पत्रांक-69 दिनांक-30.09. 2022 | रू. 6,33,72,000.00 |



Kamini Kumar Santosh 17/12/2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02. | गैर योजना सहायता अनुदान (गैर वेतन) | पत्रांक–12/यो. –28/2013–17, दिनांक–25. 05.2022 | रू. 4,50,00,000.00 |
| 03. | योजना मद | पत्रांक–13/ने. 6–01/2022/32, दिनांक– 28.06.2022 | रू. 4,19,16,200.00 |

उपरांकित प्राप्त राशि के संदर्भ में प्राचार्य सह–सदस्य सचिव द्वारा नियमानुसार किए गये आंतरिक मदवार विभाजन की घटनोत्तर संपुष्टि प्रदान की गई।

11. **कार्यसूची की मद संख्या–10** : झारखण्ड कोषागर संहित–2016 के नियम–334 के आलोक में वित्तीय वर्ष– 2018–19 के योजना एवं गैर योजना मद की निम्नांकित राशि कोषागार, लोहरदगा में प्रत्यार्पित (Surrender) की गईः–

| क्रम सं. | मद का नाम | प्रत्यार्पित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 01. | योजना मद | रू.1,39,11,261.00 | कार्यालय पत्रांक–630, दिनांक–14.05.2020 के द्वारा चालान संख्या– GRN2001056013, दिनांक– 01.06.2020 के द्वारा प्रत्यार्पित। |
| 02. | गैर योजना सहायता अनुदान (गैर वेतन मद) | रू. 3,29,53,703.00 | कार्यालय पत्रांक–598, दिनांक–25.04.2020 के द्वारा चालान संख्या– GRN2000959397, दिनांक–02.05.2020 के द्वारा प्रत्यार्पित। |

उपरांकित प्रत्यार्पित राशि की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

12. **कार्यसूची की मद संख्या–11** : विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के प्रसंग में सामान्य निकाय समिति द्वारा गठित एकेडमिक कोर कमिटी की निम्नांकित बैठकों की कार्यवाही की घटनोत्तर संम्पुष्टि प्रदान की गई।

Kamini Kumar Santosh 17/12/2022

| क्रम संख्या | बैठक | बैठक की तिथि |
|---|---|---|
| 01 | प्रथम बैठक | 17.12.2019 |
| 02 | द्वितीय बैठक | 06.09.2020 |
| 03 | तृतीय बैठक | 20.09.2020 |
| 04 | चतुर्थ बैठक | 06.09.2021 |
| 05 | पंचम बैठक | 03.10.2021 |
| 06 | षष्ठ बैठक | 20.03.2022 |

13. **कार्यसूची की मद संख्या-12** : नेतरहाट विद्यालय समिति नियमावली-323, दिनांक-23.10.2009 के नियम-2.7 के अनुपालनार्थ निम्न रूप में स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के पुर्नगठन की स्वीकृति प्रदान की गई –

(क) प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट – अध्यक्ष

(ख) श्री अंशुमान चटर्जी वरीय सह-शिक्षक – सदस्य

(ग) डॉ. प्रसाद पासवान, शिक्षक प्रतिनिधि – सदस्य

(घ) प्रशासनिक पदाधिकारी, ने. आ. वि. – सदस्य

14. **कार्यसूची की मद संख्या-13** : स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के निम्नांकित बैठकों की कार्यवाही की संपुष्टि प्रदान की गई :-

| क्रम संख्या | बैठक | बैठक की तिथि |
|---|---|---|
| 01 | 11वीं बैठक | 19.03.2020 |
| 02 | 12वीं बैठक | 09.11.2020 |
| 03 | 13वीं बैठक | 14.11.2020 |
| 04 | 14वीं बैठक | 23.12.2020 |
| 05 | 15वीं बैठक | 31.12.2020 |
| 06 | 16वीं बैठक | 09.02.2021 |
| 07 | 17वीं बैठक | 17.03.2021 |
| 08 | 18वीं बैठक | 29.09.2021 |
| 09 | 19वीं बैठक | 07.01.2022 |



Kamini Kumar

Santosh 17/12/2022

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 20वीं बैठक | 15.01.2022 |
| 11 | 21वीं बैठक | 03.02.2022 |
| 12 | 22वीं बैठक | 26.08.2022 |
| 13 | 23वीं बैठक | 28.10.2022 |

**15. कार्यसूची की मद संख्या–14 :** प्राचार्य सह–सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि तत्कालिन कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के निर्देशानुसार विद्यालय में कतिपय लघु मरम्मति कार्यो के कार्यान्वयन हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार को प्राक्कलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। अनुरोध के आलोक में कार्यपालक अभिंयता के कार्यालय पत्रांक–27, दिनांक–09.01.2021, कार्यालय पत्रांक–172 दिनांक–26.02.2022 एवं कार्यालय पत्रांक–581 दिनांक–09.07.2022 के माध्यम से निम्नांकित योजनाओं की तकनिकी स्वीकृति प्रदान की गई थी–

| क्रम संख्या | योजना का नाम | तकनीकी स्वीकृति की राशि (रू.) |
|---|---|---|
| 01. | Renovation of Assembly Hall workshop toilet at Netarhat Residential school, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 803600.00 |
| 02. | Renovation of Garage near Balniketan school at Netarhat Residential school, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 313850.00 |
| 03. | Fencing Jali & Gate in Banglow no.2 at Netarhat Residential School, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 2176600.00 |
| 04. | Fencing Jali & gate in Banglow No.1 at Netarhat Residential School, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 1425000.00 |
| 05. | Fencing Jali in Administration Residence at Netarhat Residential School, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 867350.00 |
| 06. | Renovation of IB No 4 at Netarhat Residential School, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 620100.00 |



Kamini Kumari Santosh 17/12/2022

| | | |
|---|---|---|
| 07. | Construction of Septic Tank near 4th grade Quater in the campus of Netarhat Residential School, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 209632.00 |
| 08. | Construction of Fencing jali Near Naspati Bagan (part -1) 1200 RFT in the Campus of Netarhat Residential school, Netarhat under Latehar dist. | Rs.1750485.00 |
| 09. | Construction of Fencing Jali & Brick work Near Naspati Bagan (Part -2) in the campus of Netarhat, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 1555580.00 |
| 10. | Construction of PCC from assembly Hall to 8th Set Ashram in the campus of Netarhat, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 623400.00 |
| 11. | Construction of Water Sump at Ashram Set No 03 in the campus of Netarhat, Netarhat under Latehar dist. | Rs. 208830.00 |

उपरांकित कार्यान्वयन योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति की घटनोत्तर स्वीकृति कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा प्रदान की गई।

**16. कार्यसूची की मद संख्या-15** : प्राचार्य सह-सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि दिनांक-06.10.2021 को मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार की अध्यक्षता में नेतरहाट के उन्नयनीकरण के संदर्भ में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई थी। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा भवन सचिव एवं सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार को निर्देश हुआ था कि विद्यालय मुख्य भवन, सभी कक्षावर्गों, प्रशासनिक भवनों के साथ-साथ विद्यालय खेल मैदानों का जीर्णोद्धार विद्यालय के मूल स्वरुप के अनुसार आकार-प्रकार एवं सौर्दय को सुरक्षित रखते हुए कराया जाय। मुख्य सचिव के प्राप्त निर्देश के आलोक में उसके कार्यान्वयन हेतु विभागीय पत्रांक-13/ने. 06-01/2022 (50/36) - 2228, दिनांक-11. 03.2022 एवं पत्रांक-13/ने.06-01/2022-38 दिनांक-28.05.2022 के माध्यम से विद्यालय को कुल **रू. 9,19,16,200.00** की राशि उपबंधित की गई। चूँकि उक्त योजना की तकनिकी स्वीकृति भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड



Kamini Kumar

Santosh 17/12/2022

सरकार के स्तर से प्राप्त है, अतएव प्रासंगिक योजना की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यकारिणी समिति द्वारा प्रदान की गई। कार्यकारिणी समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में कार्यपालक अभियंता को बैठक में उपस्थित होने हेतु पत्र भेज देगें ताकि योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु एतद्–विषय आवश्यक निर्देश कार्यपालक अभियांता को दिया जा सके।

**17. कार्यसूची की मद संख्या–16 :** माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड में विद्यालय के लंबित वादों के संबंध में परिचर्चा की गई। तद्नुसार प्राचार्य सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति के निदेश दिया गया कि लंबित वादों के निष्पादन हेतु यथोचित कार्रवाई करते हुए ससमय माननीय न्यायालय के समक्ष विद्यालय हित के तथ्यों को प्रस्तुत करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। लम्बित वादी के विचार–विमर्श के क्रम में वाद संख्या–488/2018 (शीतल वर्णवाल बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) के संदर्भ में चूँकि वादी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की गई है; अतएव संदर्भित विषयक प्राचार्य सह–सदस्य सचिव को निर्देश हुआ कि माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए अपने स्तर से सुश्री शीतल वर्णवाल को योगदान हेतु आदेश निर्गत कर राशि के भुगतान हेतु अनुदान राशि की अधियाचना हेतु एक पत्र निदेशक, माध्यमिक शिक्षा को प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि माननीय न्यायालय के न्यायादेश का अनुपालन ससमय किया जा सके।

**18. कार्यसूची की मद संख्या–17** :विद्यालय/समिति की ओर से माननीय न्यायालय में ससमय तथ्यों के साथ स्पष्ट रखने हेतु उच्च न्यायालय के दो वरीय अधिवक्ता (i) श्री राजेश लाला एवं (ii) श्री प्रभात कुमार सिन्हा की पेशेवर सेवा नियमानुसार लेने की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**19. कार्यसूची की मद संख्या–18 :** प्राचार्य–सह सदस्य सचिव, ने.वि.स. द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि विद्यालय में पूर्व से नियुक्त लेखा लिपिक, भण्डारी एवं लिपिक अपने–अपने पद से सेवा–निवृत्ति हुए, सेवा–निवृत्ति फलस्वरूप विद्यालय कार्य की अधिकता एवं अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए संविदा के आधार पर पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति का



Santosh 17/12/2022

Kamini Kumar

प्रकाशन किया गया था। प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में निर्धारित तिथि को विद्यालय में लिखित परीक्षा एवं अर्न्तवीक्षा विद्यालय के वरीय सह-शिक्षकों की उपस्थिति में ली गई, तदोपरान्त मेधा क्रम के आधार पर गठित चयन समिति द्वारा तीन अभ्यथियों की अनुशंसा की गई। उसी अनुक्रम में दिनांक-27.11. 2022 को चयन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की कार्यवाही कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के समयक् विचारोपरान्त बैठक की कार्यवाही संपुष्टि प्रदान की गई। साथ ही प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को निर्देश हुआ कि नियमित नियुक्ति होने तक अगर आवश्यकता पड़े तो कर्मियों को संविदा पर कार्य पर रखा जाय।

**20. कार्यसूची की मद संख्या-19 (अन्यान्य) :**

(i) विद्यालय कार्यालय में कर्मियों की कमी एवं कार्य संचालन को ध्यान मे रखते हुए श्री चंद्रिका पंडित, सेवा-निवृत्त लेखापाल को वित्त विभाग झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक-1243/वि. दिनांक-28.04.2016 के नियमानुसार नियमित नियुक्ति होने तक कार्य पर रखने की स्वीकृति प्रदान की गई। प्राचार्य सह-सदस्य सचिव को निदेश हुआ कि कार्यकारिणी समिति के निर्णय के आलोक में तत्संबंधित एक पत्र श्री चंद्रिका पंडित को प्रेषित कर देगे।

(ii) ऑकिटेक्ट श्री संतोष शेखर, रांची को उनके पेशेवर कार्यों के प्रसंग में लंबित पेशेवर शुल्क की राशि रू.1,23,915.00 (एक लाख तेईस हजार नौ सौ पन्द्रह रूपया मात्र) भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

(iii) विद्यालय दीर्घावकाश पर शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को दी जाने वाली छुट्टियों के विचार-विमर्श के क्रम में कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, चूँकि प्रयोगशाला भंडारी एवं चिकित्सालय कर्मी गैर-शैक्षणिक पद होते हैं; अतएव इन कर्मचारियों को विद्यालय कार्यालय के अनुरूप ही अर्जित अवकाश देय होंगे तथा विद्यालय दीर्घावकाश के समय इन कर्मचारियों को कार्यालय में प्रतिनियुक्त कर इनसे कार्यालय कर कार्य लिया जाय। अल्पावधि के लिए अवकाश पर यथोचित निर्णय प्राचार्य सह-सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति अपने विवेक से लेने के लिए सक्षम होंगे।

Karimin Kuesar Santosh 17/12/2022

**(iv)** समिति कार्यालय राँची के जीर्णोद्धार के प्रसंग में कार्यापालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लातेहार द्वारा उपलब्ध कराये गए कतिपय लघु मरम्मती कार्यो के तकनिकी स्वीकृति की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई, साथ समिति कार्यालय के लिए तत्काल एक 1.5 टन का A.C एवं एक Inverter set विहित प्रक्रिया के अनुरुप क्रय एवं अधिष्ठापन की स्वीकृति प्रदान की गई।

**(v)** दिनांक–01.03.2014 को सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की बैठक में गैर–सरकारी सदस्यों को प्रति बैठक प्रति सदस्य रू. 5000.00 एवं सभापति को रू.10000.00 भुगतान किये जाने का निर्णय पूर्व में प्राप्त है, चुँकि उक्त निर्णय 8 वर्ष पूर्व लिए गए थे, अतएव लम्बे समयान्तराल एवं मंहगाई दर में अभिवृद्धि को ध्यान में रखते हुए उक्त पारिश्रमिक राशि को परिमार्जित करने का निर्णय लिया गया, तद्नुसार अब सामान्य निकाय एवं कार्यकारिणी समिति की बैठक के लिए सभापति को रू.21000.00 एवं अन्य सदस्यों को रू.11000.00 मानदेय सह–सम्मान राशि भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आये दिन अन्तर्विक्षा एवं अन्य आयोजनो पर यदा–कदा विषय–विशेषज्ञों को बुलाया जाता है, अतएव इन आयोजनो पर विशेषज्ञ सदस्य को मानदेय सह–सम्मान राशि रू.5000.00 प्रति सदस्य भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया।

**(vi)** पूर्व कार्यकारिणी समिति के विघटन से लेकर समिति के नवगठन तक के समयावधि में समिति की ओर से प्राचार्य सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा लिए गये सभी आवश्यक एवं नियम–संगत निर्णयों की कार्योत्तर संपुष्टि प्रदान की गई।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

Santosh 17/12/2022

(श्री संतोष उराँव)
सभापति
कार्यकारिणी समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति।

Kamini Kumar

# नेतरहाट विद्यालय समिति

(स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)

**नेतरहाट विद्यालय समिति, कार्यकारिणी समिति की, दिनांक–13.12.2022 (मंगलवार) को आहूत 60वीं बैठक की उपस्थिति :–**

**उपस्थिति :–**

| क्र० | नाम | कार्यकारिणी समिति में धारित पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संतोष उराँव, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सभापति | Santosh 13/12/2022 |
| 2. | श्री शैलेश कुमार, भा.प्र.से., पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | — |
| 3. | कौशल किशोर झा, सरकार के उप सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | Kaushal 13-12-2022 |
| 4. | श्री सच्चिदानन्द डी. तिगा, उप–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची। | सदस्य | 13/12 |
| 5. | डॉ. कामिनी कुमार, (राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्), प्रति कुलपति, कोलहान विश्वविद्यालय, चाईबासा। | सदस्य | Kamini Kumar 13.12.2022 |
| 6. | डॉ. उपेन्द्र प्रसाद, सह–शिक्षक, सेवा–निवृत्त, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य | 13.12.22 |
| 7. | डॉ. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य–सचिव | Singh 13/12/22 |
| 8. | श्री आशीष आलोक, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट। | सदस्य, सामान्य निकाय (विशेष आमंत्रित) | Ashish Alok 13.12.2022 |